# तू है मोहन मेरा मैं दीवाना तेरा मेरी बिगड़ी बनाना तेरा काम है Bhajans Bhakti Songs

तू है मोहन मेरा मैं दीवाना तेरा,
मेरी बिगड़ी बनाना तेरा काम है ।
छोड़ दी अपनी कश्ती तेरे नाम पर,
अब किनारे लगाना तेरा काम है ॥

मैंने तुझको बिसारा गुनहगार हूँ,
कैसे मुख को दिखाऊं शर्मशार हूँ ।
जिस तरह से वो रीझे वही राह हूँ,
ऐसी राह पे चलाना तेरा काम है ॥
तू है मोहन मेरा…

बड़ा दर्द है दिल में तेरे प्यार का,
कैसे दर्शन हो प्यारे दिलदार का ।
तेरी बाँकी अदा ने हमें घायल किया,
अब दवा को पिलाना तेरा काम है ॥
तू है मोहन मेरा…

छीन कर दिल को तूने क्या जादू किया,

मेरा हाथों से दिल को बेकाबू किया ।
प्रेम विरह की अग्नि जले रात दिन,
अब लगी को निभाना तेरा काम है ॥
तू है मोहन मेरा...

तुं मालिक है मैं हूँ पुजारी तेरा,
तुं दाता है मैं हूँ भिखारी तेरा ।
मस्त हरदम रहूँ मैं तेरी याद में,
ऐसा जाम पिलाना तेरा काम है ॥
तू है मोहन मेरा...

है सबको पता मैंने तुझको वरा,
जानते तुम भी तूने जुदा जो किया ।
होगी बदनामी तेरी ये खुद जान लो,
मेरी लाज बचाना तेरा काम है ॥
तू है मोहन मेरा...

हंस के तुम चल दिए मैं तो रोती रही,
ना मुड़ के खबर इस अभागिन की ली,
अब आना ना आना तेरा काम है ॥
तू है मोहन मेरा...

तेरे चरणों में आकर झुकाया है सर,
नहीं दुनियां में कोई तेरे जैसा दर,
चरणों से लगाना तेरा काम है ॥
तू है मोहन मेरा...

नाम घनश्याम का दीवाना बना देता है,
सारी दुनियां से भी अंजाना बना देता है ।
विहार सांवरे सरकार का मेरे दिल को,

कभी गोकुल कभी बरसाना बना देता है ॥

Source:
https://www.bharattemples.com/tu-hai-mohan-mera-main-diwaana-tera-meri-bigdi-banaana/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw